**जल जीवन मिशन–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत दिनांक 26.06.2024 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, प्रयागराज की अध्यक्षता में जनपद–प्रयागराज हेतु नामित एजेन्सी–मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो एवं गजा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, विष्णु प्रकाश पुगलिया लिमिटेडद्वारा प्रयागराज में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु प्रयागराज द्वारा कार्यो के परीक्षण हेतु समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के माध्यम से जलापूर्ति उपलब्ध कराये जाने के लिए जनपद–प्रयागराज हेतु नामित एजेन्सी–मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, द्वारा जनपद प्रयागराज में 1338 ग्रामों में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं एवं गजा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा (सतही स्रोत गंगा) में 455 ग्रामो में पेयजल योजना और विष्णु प्रकाश पुंगलिया लिमिटेड द्वारा (सतही स्रोत यमुना) में 275 ग्राम पंचायतो में पेयजल योजना द्वारा निर्माण हेतु डी0डब्ल्यू0एस0एम0, प्रयागराज द्वारा परीक्षण के बिन्दुओं पर विचार विमर्श हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन प्रयागराज की बैठक दिनांक 26.06.2024 को विकास वन प्रयागराज में आयोजित की गई। जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।
2. अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
3. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत यांत्रिकी, प्रयागराज।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।
5. टीम लीडर, (टी.पी.आई.) प्रयागराज।
6. पी0एम0, एल एंड टीमेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, प्रयागराज।
7. पी0एम0, विष्णु प्रकाश पुंगलिया लिमिटेड।
8. जी0एम0, गजा इंजीनियरिंग प्रयागराज।

**1–फर्म एल0 एण्ड टी0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों की स्थिति :–**

**दिनांक – 26-06-2024 को आयोजित जल जीवन मिशन फेज-2 की प्रगति समीक्षा बैठक**
**( कार्यदायी संस्था L & T)**

| क0स0 | कार्य का विवरण | लक्ष्य | चल रहे कार्य | क्रमिक पूर्ण कार्य | पोर्टल पर स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पाइप लेइंग | 11666.73 KM | 657 SCHEMES | 10379 KM | 10379 KM |
| 2 | बाउंड्री वाल | 664 NOS | 244 NOS | 261 NOS | – |
| 3 | टयूबेल | 664 NOS | 02 NOS | 658 NOS | 658 NOS |
| 4 | ओ0एच0टी0 | 664 NOS | 487 NOS | 171NOS | 171 NOS |
| 5 | पम्प हॉउस | 664 NOS | 286 NOS | 355 NOS | 355 NOS |
| 6 | एफ0 एच0टी0सी0 | 423177 NOS | 657 SCHEMES | 144259 NOS | 143494 NOS |
| 7 | नए कार्य प्रारम्भ करना | 7 NOS | 657 SCHEMES | | 664 SCHEMES |
| 8 | रिंग मशीन | – | 04 NOS | | 40 NOS |
| 9 | लागिग मशीन | – | 0 NOS | | – |
| 10 | मजदूरो की संख्या (प्रतिदिन) | – | 2902 / DAY | | – |

## 2–फर्म गजा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा कराये जा रहे कार्यों की स्थिति :–

| दिनांक 26.06.2024 को आयोजित जल जीवन मिशन फेज–4 (सतही स्त्रोत गंगा) की समीक्षा बैठक **M/S Gaja Engineering Pvt Ltd** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क0 स0 | कार्य का विवरण | लक्ष्य | चल रहे कार्य | क्रमिक पूर्ण कार्य | पोर्टल पर स्थिति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पाइप लेइंग | 4516 KM | 2080 KM | 2002 KM | 2080 KM |
| 2 | बाउंड्री वाल | 115 NOS | 2 NOS | - | - |
| 3 | ओ0एच0टी0 | 115 NOS | 99 NOS | 10-50% | - |
| 4 | इंटेक वेल (112 MLD) | 01NOS | 01 NOS | 31% | |
| 5 | डब्ल्यू0टी0पी0(90MLD) | 01 NOS | 01 NOS | 34% | |
| i. | क्लारिफ़्लोक्यूलेटर-1 | MainRaft completed outer wall in progress. | | | |
| ii. | क्लारिफ़्लोक्यूलेटर.2 | 1 Lift Completed & 2 lift work in progress.. | | | |
| iv. | Filter Building | PCC completed, raft RCC under progress. | | | |
| v. | Admin Building | Foundation work in progress . | | | |
| 6 | पम्प हॉउस/CWR | 06 NOS | 06 NOS | 15% | - |
| 7 | एफ0 एच0टी0सी0 | 117816 NOS | 5540 NOS | - | - |
| 8 | मजदूरो की संख्या (प्रतिदिन) | - | 1131/ DAY | | _ |

## 3–फर्म वष्णु प्रकाश पुगलिया लिमिटेड द्वारा कराये जा रहे कार्यों की स्थिति :–

| **दिनांक 26.06.2024 को आयोजित जल जीवन मिशन फेज–4 (सतही स्त्रोत यमुना) की समीक्षा बैठक M/S Vishnu Prakash R.Punglia Ltd.** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क0 स0 | कार्य का विवरण | लक्ष्य | चल रहे कार्य | पूर्ण कार्य | पोर्टल पर स्थिति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पाइप लेइंग | 2329.88 KM | 252 Villages | 1176.79 KM | 1176.79 KM |
| 2 | बाउंड्री वाल | 75 NOS | 37 | 25 | - |
| 3 | ओ0एच0टी0 | 73 NOS | 59 NOS | - | - |
| 4 | इंटेक वेल (55 MLD) | 01 NOS | 01 NOS | 20% | - |
| 5 | **डब्ल्यू0टी0पी0 (44 MLD)** | 01 NOS | 01 NOS | 68% | - |
| i. | क्लारिफ़्लोक्यूलेटर.1 | Completed. | | | |
| ii. | क्लारिफ़्लोक्यूलेटर.2 | Completed. | | | |
| iii. | Sludge Holding Tank | Completed. | | | |
| iv. | Filter Building | Wall final list casting completed. | | | |
| v. | Admin Building | Completed. | | | |
| 6 | पम्प हॉउस/CWR | 3 NOS | 3 NOS | 50% | - |
| 7 | एफ0 एच0टी0सी0 | 5200 NOS | - | - | - |
| 8 | मजदूरो की संख्या (प्रतिदिन) | - | 707 / DAY | | _ |

## बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये –

1. पी0एम0 एल एंड टीं, जी0एम0 गजा इंजीनियरिंग व पी0एम0 विष्णु प्रकाश पुंगलिया को निर्देशित किया गया कि भूमि विवाद संबंधी जो भी सूची हो उसे अंतिम रूप से अधिशासी अभियंता के माध्यम से प्रस्तुत की जाए जिसका निस्तारण राजस्व टीम द्वारा एक सप्ताह में कराया जाएगा मौके पर कार्यदायी संस्था द्वारा उसी तिथि में भौतिक रूप से कब्जा लिया जाएगा और अपनी सीमा सुरक्षित की जाएगी।
2. अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि जल निगम की योजनाओं से आच्छादित 619 राजस्व ग्रामों की प्रगतिवार स्थिति व पूर्ण किए गए 89 योजनाओं की सूची एक सप्ताह में उपलब्ध कराये।
3. अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि जनपद में 2858 राजस्व ग्रामों की सूची जिला पंचायत राज्य अधिकारी से प्राप्त कर गैर आबाद एवं नगरीय ग्रामों को अलग करते हुए 2689 ग्रामों की सूची ब्लाकवार समायोजित करते हुए उल्लेख किए जाएं की कौन सा राजस्व ग्राम किस योजना व कार्यदायी संस्था से आच्छादित है।
4. अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्था एल एण्ड टी द्वारा आच्छादित 664 योजनाओं में प्रति सप्ताह कितनी पाइप लेईग हो रही है उसका सत्यापन कराये और आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।
5. पी0एम0, एल एंड टीं को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अंतर्गत कार्यरत दोनों पी0एम0 के कार्य विभाजन के अनुरूप तहसीलवार/ब्लॉकवार सूची उपलब्ध कराये।
6. अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर कार्यदायी संस्था एल एंड टीं द्वारा ट्यूबवेल, ओ0एच0टी0, पंप हाउस, एफ0एच0टी0सी0 का मौके पर सम्बंधित जू0 ईजी0 द्वारा सत्यापन कराकर वास्तविक स्थिति से अवगत कराये।
7. पी0एम0, एल एंड टीं को निर्देशित किया गया कि कारण स्पष्ट करें कि 355 पंप हाउस पूर्ण होने के बाद भी मात्र 176 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति क्यों की जा रही है, शेष ग्रामों में भी जलापूर्ति सुनिश्चित करें।
8. अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि अभियंता SWSM, टी0पी0आई0 व डी0पी0एम0यू0 के टीम द्वारा 176 ग्रामों में जहां जलापूर्ति हो रही है उसका एक सप्ताह में सत्यापन कराकर वास्तविक स्थिति से अवगत कराये।
9. अधिशासी अभियंता जल निगम, वरिष्ठ प्रबंधक एल एंड टीं जी0 एम0 गजा इंजीनियरिंग व पी0एम0 विष्णु प्रकाश पुगलिया को निर्देशित किया गया कि बिना सभी कार्य पूर्ण कराये किसी भी दशा में योजनायें ग्राम सभा को हैंडोवर न की जाए।
10. पी0एम0 एल एंड टीं, जी0एम0 गजा इंजीनियरिंग व पी0एम0 विष्णु प्रकाश पुगलिया को निर्देशित किया गया कि रोड रेस्टोरेशन के संबंध में जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही है इस पर विशेष ध्यान दें और गुणवत्तापूर्ण ही निस्तारण कराया जाए।
11. टी0एल0 टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें निरंतर परीक्षण करते रहे, कमियों को दूर कराये व अपने मंतव्य से अवगत भी कराये।
12. पी0एम0, एल एंड टीं को निर्देशित किया गया कि मशीन की संख्या में वृद्धि करें जिससे कार्य में गति आए।
13. पी0एम0, एल एंड टीं को निर्देशित किया गया की बार–बार सचेत करने के बाद भी मजदूरों की संख्या में अपेक्षित सुधार नहीं की जा रही है, इसमे तत्काल वृद्धि करते हुए कार्य को ससमय पूर्ण करें।

14. पी0एम0 विष्णु प्रकाश पुंगलिया को निर्देशित किया गया कि अब तक 75 के सापेक्ष मात्र 25 जगह पर बाउंड्रीवाल का कार्य पूर्ण हुआ है इसकी प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये और कार्य ससमय पूर्ण करें।
15. पी0एम0 विष्णु प्रकाश पुंगलिया को निर्देशित किया गया कि ओ0एच0टी0 की प्रगति संतोषजनक नहीं है। 15 जुलाई तक 10 नग0ओ0एच0टी0 पूर्ण करें, मजदूरों व मशीनों की संख्या में वृद्धि करें, जिससे कार्य को ससमय पूर्ण कराया जा सकें।
16. जी0एम0 गजा को निर्देशित किया गया कि 15 जुलाई तक 15 नग ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण करें व मजदूरों की संख्या 1100 से 1500 करें जिससे कार्य ससमय पूर्ण हो।
17. कार्यदायी संस्था एल एंड टीं, द्वारा 2602 किमी० के सापेक्ष 2122 किमी०, मरम्मत किया गया, इसी प्रकार कार्यदायी संस्था गजा इंजीनियरिंग द्वारा 741 किमी० के सापेक्ष 692 किमी०, मरम्मत किया गया व कार्यदायी संस्था विष्णु प्रकाश पुगलिया द्वारा 76 किमी० के सापेक्ष 68 किमी०, मरम्मत किया गया। सभी कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि शेष बचे रोड का रेस्टोरेशन शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
18. टी0एल0 टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया की कार्यदायी संस्था द्वारा जहां भी किसी भी प्रकार की रोड काटी जा रही है जब तक उसे गुणवत्तापूर्ण मरम्मत न कर दिया जाए तब तक उसका सत्यापन पूर्ण ना दिखाएं अन्यथा इसका प्रतिकूल संज्ञान लिया जाएगा।
19. डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि कार्यवृत बनाकर ससमय प्रस्तुत करें व साप्ताहिक बैठक भी आयोजित कराये।

अतः समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशो का अक्षरशः अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

(गौरव कुमार)
मुख्य विकास अधिकारी,
प्रयागराज।

**मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।**

पत्रांक–1546/M-3/ बैठक कार्यवृत्त / 2023–24 19 दिनांक: 28/06/2024

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

- जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज को सूचनार्थ।
- अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग प्रयागराज।
- अधिशाषी अभियन्ता., खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
- डी0सी0 ,डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।
- टीम लीडर, टी0पी0आई0, प्रयागराज।
- पी0एम0, एल0एण्ड टी0, प्रयागराज।
- पी0एम0, विष्णु प्रकाश पुंगलिया लिमिटेड प्रयागराज।
- जी0एम0, गजा इंजीनियरिंग प्रयागराज।

मुख्य विकास अधिकारी,
प्रयागराज।